## एक नजर में

### शिवना तट पर ''जगन्नाथ घाट'' नामकरण

**मंदसौर।** पशुपतिनाथ मंदिर के सामने शिवना तट पर अतिप्राचीन श्री जगदीश मन्दिर खानपुरा मंदसौर, से इस वर्ष विशाल आयोजन में जगन्नाथ रथ यात्रा निकलेगी, जिसकी व्यापक तैयारियां चल रही हैं नगर के कई धार्मिक संस्थाओं के भक्तगण उत्सुकता से यात्रा की भव्यता हेतु प्रयासरत हैं। भागवताचार्य पं. श्रीकृष्णवल्लभ शास्त्री ने यंहा श्री जगदीश मन्दिर खानपुरा मंदसौर के सामने शिवना तट पर बने नवीन घाट का जगन्नाथ घाट नामकरण किया। उपस्थित भक्तजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए। विशाल रथ यात्रा में अधिक से अधिक भाग लेने की अपील की हैं।

### श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा का स्वागत करेंगे

**मंदसौर।** नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने बताया कि दिनांक 16 जुलाई गुरुवार को दोपहर 3ः00 बजे खानपुरा स्थित श्री जगन्नाथ धाम मंदिर से भव्य रथ यात्रा निकलने जा रही है यह जगन्नाथ यात्रा खानपुरा स्थित जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर भावसार धर्मशाला चौराहा बरमुंडा मोहल्ला सत्संग भवन के सामने खानपुरा मेन रोड, वीरसावरकर ब्रीज शुक्ला चौक सदर बाजार मंडी गेट प्रतापगढ़ पुलिया पशुपतिनाथ की नई पुलिया होते हुए पुनः जगन्नाथ मंदिर खानपुरा पहुंचेगी बेंड बाजे के साथ निकलने वाली इस रथ यात्रा में मंदसौर नगर के गणमान्य नागरिक शामिल होंगे मंदिर ट्रस्ट एवं यात्रा समिति के तत्वाधान में आयोजित यह यात्रा ऐतिहासिक है मंदसौर नगर के गणमान्य नागरिकों से आग्रह है कि वह इस यात्रा का भव्य स्वागत करें।

### मानवता की अनूठी मिसाल पेश की



**मन्दसौर।** शासकीय डायलिसिस सेंटर, मंदसौर में इनर व्हील क्लब ऑफ मंदसौर दशपुर द्वारा एक सराहनीय सेवा कार्य संपन्न किया गया। क्लब की ओर से डायलिसिस पर निर्भर मरीजों के मानसिक स्वास्थ्य और मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए केंद्र में एक टीवी सेट भेंट किया गया।इस पहल के पीछे मुख्य उद्देश्य मरीजों के कठिन समय को सुगम बनाना है। चूँकि डायलिसिस प्रक्रिया के दौरान मरीजों को चार घंटे तक मशीन से जु?ा रहना प?ता है, यह समय उनके लिए तनावपूर्ण हो सकता है। टीवी लग जाने से अब मरीज मनोरंजन कार्यक्रम, भजन और अन्य प्रेरक सामग्री देख सकेंगे, जिससे उनका ध्यान बीमारी की चिंता से हटकर सकारात्मकता और प्रसन्नता की ओर रहेगा।क्लब की अध्यक्ष सोनम मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सेवा कार्य क्लब की सभी सदस्यों के आपसी सहयोग का परिणाम है। उन्होंने इस पुनीत कार्य में सहयोग देने के लिए अपनी सभी सखियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्लब की गरिमामयी उपस्थिति में अध्यक्ष सोनम मेहता, सचिव सुरक्षा चौधरी, कोषाध्यक्ष राखी परवाल, आई.एस.ओ. नेहा डोसी के साथ ही पीनल भूता, टीना वर्मा, पूजा बग्गा, प्रेरणा भंडारी, अंजलि मेहता, अनीता तलेरा और प्रमिला जैन आदि सदस्य मौजूद रहीं।

## लदुसा नरेश श्री सांवलिया सेठ मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

▶ उपमुख्यमंत्री के प्रयासों से क्षेत्र में बिछ रहा सड़कों का जाल



**मंदसौर।** आषाढ़ मास की कृष्ण पक्ष की अमावस्या के पावन अवसर पर लदुसा स्थित भगवान लक्ष्मी नारायण (श्री सांवरिया सेठ) मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इस विशेष दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया। मंदिर में प्रति माह कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को दानपात्र खोलने की परंपरा के तहत इस बार 13 जुलाई 2026, सोमवार (संवत 2083) को दानपात्र खोले गए। इस दौरान कुल 12 लाख 21 हजार 700 रुपये की नकद राशि और विदेशी नोट प्राप्त हुए। इसके साथ ही भक्तों द्वारा आस्था स्वरूप चढ़ाए गए चांदी के मकान, चांदी की बांसुरी और चांदी के अफीम के डोडे (पौधे) जैसी कई अनूठी वस्तुएं भी दान में मिलीं, जो इस पुण्य धरा के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी और अटूट आस्था को दर्शाती हैं।

वर्तमान परिदृश्य में देश के विभिन्न मंदिरों में दान राशि की चोरी जैसी गंभीर घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे न केवल सनातन धर्म और आस्था से जुड़े लोगों की भावनाएं आहत होती हैं, बल्कि उन तत्वों को भी बढ़ावा मिलता है जो सनातन धर्म को कमजोर करने की ताक में रहते हैं। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मंदिर समिति ने पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने के लिए एक सराहनीय कदम उठाया है। मंदिर का पूरा वित्तीय लेनदेन अब चेक और बैंक के माध्यम से ही किया जाता है। इसके लिए समिति का केवल एक ही अधिकृत रजिस्टर्ड बैंक खाता संचालित है। मंदिर निर्माण के समय से जुड़े सभी 51 सदस्य आज भी पूरी तरह सक्रिय हैं और मंदिर की कोई भी कार्ययोजना बिना पूर्व सूचना व सर्वसम्मति के आगे नहीं बढ़ाई जाती। इस मंदिर के संचालन और व्यवस्थाओं में गांव के सर्व समाज का अनूठा योगदान है। जब भी यहाँ कोई बड़ा धार्मिक आयोजन होता है, तो यज्ञशाला, भोजनशाला, पेयजल और पार्किंग जैसी तमाम व्यवस्थाओं को युवा से लेकर बुजुर्ग तक अपने-अपने दायित्वों के अनुसार संभालते हैं। इस बेमिसाल एकता और सेवा भाव की क्षेत्र के लोग मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हैं। मंदिर समिति के पंडित महेश व्यास (लदुसा) ने बताया कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के विशेष प्रयासों से लदुसा गांव को चारों तरफ से सुगम सड़कों के माध्यम से जोड़ा जा रहा है।

## 22 जुलाई को होगा महासती श्री नेहाश्रीजी म. सा. आदि ठाणा 4 का मंगल प्रवेश

**मंदसौर।** विश्व वल्लभ जिनशासन गौरव पं. पू. आचार्य विजयराजजी म. सा. की आज्ञानुवर्ती जिनशासन प्रभाविका महासती नेहाश्रीजी म. सा. आदि ठाणा 4 का चातुर्मास मंदसौर नगर में होने जा रहा है। साध्वीजी के चातुर्मास प्रवेश के उपलक्ष्य में दिनांक 22 को स्थानकवासी जैन समाज की परम्परानुसार सादगी पूर्ण रूप से चल समारोह निकाला जाएगी।। साध्वीजी के मंगल प्रवेश के उपलक्ष्य में प्रातः 7.30 बजे से 8.15 बजे तक जीवागंज स्थित श्री मूल तपो भवन (जनकूपुरा स्थानक) पर नवकारसी का आयोजन होगा। उसके बाद जीवागंज से साध्वी गणों के चातुर्मास प्रवेश के उपलक्ष्य में चल समारोह निकाला जायेगा जो कि कालाखेत, नेहरू बस स्टेण्ड, बालाजी मंदिर से होते हुये गांधी चौराहा, हास्पीटल रोड, सरदार पटेल चौराहा, जैन दिवाकर द्वार, ऑफिस गोदाम रो? होते हुये शास्त्री कालोनी स्थित नवकार भवन पहुंचेगा यहां प्रातः 9.15 बजे महासतीजी की पावन निश्रा में विशाल धर्मसभा होगी। वर्षावास के चार माह के दौरान साध्वीजी, साध्वीमण्डल नवकार भवन शास्त्री कालोनी में ही विराजेगी तथा वर्षावास के चार माह के दौरान प्रतिदिन प्रवचन, प्रतिक्रमण, स्वाध्याय सहित विविध गतिविधियां होगी। मंदसौर नगर के सभी स्थानकवासी जैन समाज, जैन समाज के विभिन्न जैन श्रीसंघो के श्रावक श्राविकाओं एवं नगर के, माता बहनों से श्री साधुमार्गी शांतक्रांति जैन श्रावक संघ मंदसौर के संरक्षक गजराज जैन, कोमल बाफना, सुशील जैन करछारा, आदि होगे।

## दरगाह, कब्रिस्तान एवं न्यायालय परिसर के समीप डॉग शेल्टर के विरोध में दिया ज्ञापन

**मंदसौर।** दरगाह, प्राचीन कब्रिस्तान एवं न्यायालय परिसर के समीप प्रस्तावित डॉग शेल्टर के स्थान को बदलने की मांग को लेकर प्रदेश अध्यक्ष नईम शाह एवं वकील बंजारा ने नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति रामदेवी बंशीलाल गुर्जर व मुख्य नगरपालिका अधिकारी पी.सुमन, नगरपालिका परिषद मंदसौर को एक ज्ञापन प्रस्तुत किया है।

ज्ञापन में बताया गया कि प्रस्तावित स्थान धार्मिक, सामाजिक एवं सार्वजनिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। यहां प्रतिदिन ब?ी संख्या में श्रद्धालु, आम नागरिक एवं न्यायालय आने वाले लोग आवागमन करते हैं। संयुक्त बेरोजगार एकता समिति के अध्यक्ष वकिल बंजारा एवं नईम शाह ने कहा कि ऐसे संवेदनशील स्थान पर डॉग शेल्टर स्थापित किए जाने से आमजन को असुविधा हो सकती है और धार्मिक भावनाएं भी प्रभावित होने की संभावना है। उन्होंने नगर में उपलब्ध अन्य उपयुक्त स्थान पर डॉग शेल्टर स्थापित करने की मांग की। उन्होंने नगरपालिका प्रशासन से आग्रह किया कि प्रस्तावित स्थल का पुनः परीक्षण कर जनभावनाओं एवं क्षेत्र की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए स्थान परिवर्तन किया जाए, ताकि धार्मिक स्थलों की गरिमा एवं नगरवासियों की भावनाओं का सम्मान बना रहे।

## सीनियर सिटीजन ग्रुप की धार्मिक यात्रा संपन्न



**मन्दसौर।** दिगम्बर जैन सीनियर सिटीजन सोश्यल ग्रुप द्वारा एक दिवसीय धार्मिक यात्रा का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए ग्रुप के प्रवक्ता दिनेश दोशी ने बताया कि ग्रुप द्वारा तीर्थक्षेत्र श्री शांतिनाथजी एवं बगवास यात्रा का आयोजन किया जिसमें ग्रुप के 51 सदस्यों के भाग लिया। यात्रीगण प्रातः 7 बजे मंदसौर से बस द्वारा रवाना होकर लगभग 8.30 बजे शांतिनाथजी पहुंचे जहां पर विराजित साधु भगवंतों के दर्शन कर श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन का लाभ प्राप्त किया। शांतिधारा करने का सौभाग्य ग्रुप के अध्यक्ष विनोद सिंहल एवं पूर्व अध्यक्ष कोमलप्रकाश जैन को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात् मंदिर में शांति विधान का आयोजन किया जिसमें सभी ग्रुप सदस्यों ने भक्ति एवं उल्लास के साथ आनंद लिया। विधान पूजन सामग्री के पुण्यार्जक विनोद वनमाला गांधी परिवार रहे।

इस अवसर पर शांतिनाथजी परिसर में संचालित गुरूकुल के विद्यार्थियों को ग्रुप परिवार की ओर से वस्त्र वितरित किये गये। सभी विद्यार्थियों को वस्त्र श्री अरविन्द मिण्डा, श्री जगदीश गर्ग एवं श्री विनोद गांधी परिवार के सौजन्य से प्रदान किये। सभी कार्यक्रम सानंद सम्पन्न कर भजन के पश्चात् सभी सदस्य बगवास दर्शन हेतु पहुंचे। समस्त कार्यक्रम यात्रा प्रभारी कोमलप्रकाश जैन, महावीर कोटरिया एवं अजीत बंडी के नेतृत्व में सम्पन्न हुए। यात्रीगण सायंकाल यात्रा सम्पन्न कर पुनः मंदसौर पहुंचे। यात्रा सानंद सम्पन्न होने पर ग्रुप अध्यक्ष विनोद सिंहल, सचिव अजीत कोट?िया, कोषाध्यक्ष सुरेश कागला ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा चातुर्मास और सावन के स्वागत में स्नेह मिलन

**मंदसौर।** सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा चातुर्मास और सावन मास के पावन आगमन पर एक भव्य विशेष मीटिंग एवं स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन नवकार की महिमा थिम पर अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और अपनत्व के साथ संपन्न हुआ। सावन का लहरिया ड्रेस कोड के मनमोहक श्रृंगार में सजी जैन समाज की महिलाओं ने इस उत्सव में ब?-च?कर भाग लिया। सभी बहनों का स्वागत सहमंत्री टीना वीरवाल सुनीता पामेचा ने किया मंगलाचरण मंत्री पूर्णिमा चोरडिया कोषाध्यक्ष प्रीति जैन ने किया। कार्यक्रम के दौरान महिला प्रकोष्ठ बोर्ड की बहनों द्वारा नवकार मंत्र के पांच कलर की ड्रेस से सज कर बेहद शानदार और भावपूर्ण नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी जिसमें सती सीता की अग्नि परीक्षा के दृश्य साथ-साथ जलते हुए नाग को पारस कुमार द्वारा बचाने के मार्मिक दृश्य को जीवंत किया गया।उपस्थित सभी दर्शकों को भावविभोर कर दिया।



कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण नवकार मंत्र की महिमा प्रतियोगिता में बहनों के समूहों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। सुरभि भंडारी व रानी कर्नावट प्रथम स्थान, राखी नाहर व सरोज नलवाया ने द्वितीय स्थान और किरण रावका व उनकी टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार के अंतर्गत सुनीता किर्लोस्कर व तरुणा जैतावत, शिला कोठारी, नीता जैन व दीपमाला मारू तथा रिंकू जैन रंजना जैन को सम्मानित किया गया। बहनों के लिए रखे गए विशेष लकी ड्रा सहमंत्री किरण जैन, श्वेता भाटिया ने निकाले जिसमें सुनीता दावडा, ज्योति गर्ग और आशा पोरवाल आदि विजेता रहीं। संस्था की सदस्यता शुल्क जमा कराने वाली बहनों के लिए निकाले गए विशेष फीस लकी ड्रा ज्योति खिमेसरा अलका जैन ने निकाले जिसमें पायल मोगरा, अनुराधा मोगरा, रजनी भटेवरा, सीमा गर्ग और रिंकू गोयल भाग्यशाली विजेता चुनी गई। आयोजन में प्रसिद्ध डाइटिशियन डॉ. चारू गोयल ने महिलाओं को उत्तम स्वास्थ्य के लिए विशेष टिप्स दिए। । महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री विनाली मेहता ने कहा कि स चातुर्मास का पावन काल हमारे जीवन में त्याग, तपस्या और नई बहार लेकर आया है।

# नीमच

## एक नजर में

### सोंधिया समाज 51 हजार पौधे लगाएगे

**नीमच।** अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत समाज की प्रदेश स्तरीय कामकाजी बैठक रविवार को भादवमाता स्थित सामाजिक धर्मशाला में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष कालू सिंह परिहार ने की, जबकि राष्ट्रीय संगठन मंत्री लक्ष्मीनारायण सिंह चौहान का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में समाज के संगठन विस्तार, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और पर्यावरण संरक्षण को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक का मुख्य आकर्षण पर्यावरण संरक्षण अभियान रहा, जिसके तहत 1 अगस्त 2026 को पूरे मध्यप्रदेश में एक साथ 51 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। अभियान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। विभिन्न जिलों को पौधारोपण के लक्ष्य भी सौंपे गए, जिसमें राजगढ़ को 20 हजार, आगर मालवा को 10 हजार, उज्जैन को 6 हजार, रतलाम और गरोठ को 5-5 हजार तथा नीमच और मंदसौर को 2-2 हजार पौधे लगाने की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में 19 जुलाई को जिला स्तरीय बैठकों, अगस्त-सितंबर में संभागवार दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने तथा महिला संगठन के जिला प्रभारियों की घोषणा भी की गई। समाज की अगली प्रदेश स्तरीय बैठक 26 जुलाई को नागेश्वर-उन्हेल में आयोजित होगी, जिसमें आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी।

### ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई गुहार



**नीमच।** सड़क नहीं तो विकास कैसा? इसी सवाल के साथ मनासा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पीपलदा पठार के ग्रामीण मंगलवार को जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने सड़क, शिक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य आर. सागर कछावा भी ग्रामीणों के साथ मौजूद रहे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आजादी के वर्षों बाद भी गांव तक पक्की सड़क नहीं पहुंच पाई है। बारिश के दिनों में हालात और खराब हो जाते हैं तथा गांव का संपर्क मुख्य मार्गों से कट जाता है। ऐसे में बीमार लोगों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को अस्पताल पहुंचाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिला पंचायत सदस्य आर. सागर कछावा ने कहा कि ग्रामीण लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। उन्होंने गांव के शासकीय स्कूल भवन की जर्जर स्थिति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि बच्चे जोखिम के बीच पढ़ाई करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन समाधान नहीं होने पर उन्हें कलेक्टर कार्यालय पहुंचना पड़ा। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीपलदा पठार तक जल्द पक्की सड़क निर्माण, जर्जर स्कूल भवन की मरम्मत या नए भवन निर्माण सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं हुईं तो ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने को मजबूर होंगे।

## खाली कट्टे, हाथों में चूड़ियां और कलेक्ट्रेट पर धरना

▶ डीएपी की किल्लत पर किसानों का अनोखा विरोध




**नीमच। जिले की सिंगोली तहसील के किसानों ने मंगलवार को कांग्रेस नेता के नेतृत्व में डीएपी खाद की समस्या को लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय पर अनोखे और शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किया।**

किसान नेता पंकज तिवारी के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने हाथों में चूड़ियां, खाली खाद के कट्टे और मांगों से लिखी तख्तियां लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शन के दौरान किसान 4 से 5 घंटे कलेक्टर कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे और सिंगोली कृषि उप मंडी में तत्काल मार्कफेड का नगद खाद वितरण केंद्र शुरू करने की मांग उठाई।प्रदर्शनकारी किसानों ने बताया कि वर्तमान व्यवस्था के चलते सिंगोली क्षेत्र के किसानों को डीएपी खाद लेने के लिए करीब 80 किलोमीटर दूर जावद जाना पड़ता है। पहले ई-टोकन प्राप्त करना और फिर नगद भुगतान कर खाद लेना महिला किसानों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। उनका कहना है कि इस प्रक्रिया में पूरा दिन खर्च हो जाता है, जिससे खेती-किसानी का कार्य प्रभावित होता है और आने-जाने में अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ता है।किसानों ने विशेष रूप से महिला किसानों, छोटे एवं सीमांत कृषकों की समस्याओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इतनी लंबी दूरी तय करना उनके लिए बेहद कठिन है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि सिंगोली कृषि उप मंडी अथवा स्थानीय पैक्स समिति में तत्काल मार्कफेड का नगद डीएपी एवं अन्य उर्वरकों का वितरण केंद्र शुरू किया जाए, ताकि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके।प्रदर्शन के दौरान किसानों ने हाथों में पहनी चूड़ियों और खाली खाद के कट्टों को अपनी मजबूरी और प्रशासन की उदासीनता का प्रतीक बताया। उनका कहना था कि प्रदेश के अन्य जिलों में मार्कफेड द्वारा स्थानीय स्तर पर नगद खाद वितरण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जबकि सिंगोली क्षेत्र के किसानों को इससे वंचित रखा गया है।किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो वे चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## धर्मशाला की जमीन पर विवाद, पाटीदार समाज ने कलेक्टर से लगाई निर्माण रोकने की गुहार

**नीमच।** मनासा तहसील के ग्राम चुकनी में पाटीदार समाज की धर्मशाला के लिए खरीदी गई भूमि को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। मंगलवार को धर्मशाला निर्माण समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में समाजजन जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर विवादित भूमि पर चल रहे निर्माण कार्य को तत्काल रोकने की मांग की।

धर्मशाला निर्माण समिति के अध्यक्ष परसराम पाटीदार, सचिव विनोद पाटीदार और कोषाध्यक्ष रोशन पाटीदार के नेतृत्व में पहुंचे समाजजनों ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों द्वारा समाज की भूमि पर बिना सहमति निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे समाज में विवाद की स्थिति बन रही है। समाजजनों ने ज्ञापन में बताया कि ग्राम चुकनी स्थित सर्वे नंबर 1132 की भूमि वर्ष 2016 में पाटीदार समाज के सहयोग से धर्मशाला निर्माण के उद्देश्य से खरीदी गई थी। भूमि की रजिस्ट्री तत्कालीन अध्यक्ष के नाम पर कराई गई थी, लेकिन समाज का कहना है कि यह संपत्ति किसी व्यक्ति विशेष की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक संपत्ति है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि समाज की सहमति के बिना भूमि पर निर्माण कार्य शुरू करना उचित नहीं है। समाजजनों ने यह भी बताया कि मामले को लेकर पूर्व में पुलिस थाने में शिकायत की गई थी और समझौते के प्रयास भी हुए, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। समाज के लोगों ने धर्मशाला निर्माण के नाम पर वर्षों से एकत्रित किए जा रहे चंदे का हिसाब सार्वजनिक करने की मांग भी उठाई। उनका कहना है कि अब तक न तो धर्मशाला का निर्माण हो सका और न ही भूमि का उपयोग समाजहित में हो पाया है।

## 12 सितम्बर को आयोजित होगी वर्ष 2026 की तीसरी नेशनल लोक अदालत

**नीमच।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण,नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2026 की तीसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 सितम्बर 2026 (शनिवार) को किया जाएगा। जिला मुख्यालय नीमच सहित तहसील मुख्यालय मनासा,जावद एवं रामपुरा स्थित न्यायालय परिसरों में आयोजित होने वाली इस नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री वीरेन्द्र सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में किया जाएगा।

नेशनल लोक अदालत में नीमच, मनासा, जावद एवं रामपुरा न्यायालयों में लंबित समझौता योग्य प्रकरणों का आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निराकरण किया जाएगा। इनमें दाण्डिक, सिविल, विविध, मोटर दुर्घटना दावा, विद्युत अधिनियम से संबंधित प्रकरणों के साथ ही नगर पालिका एवं नगर पंचायत, श्रम, बैंक तथा अन्य समझौता योग्य प्रकरण शामिल रहेंगे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने संबंधित पक्षकारों से अपील की है, कि वे अपने समझौता योग्य प्रकरणों के निराकरण हेतु अपने अभिभाषकों से संपर्क कर, संबंधित न्यायालय अथवा कार्यालय में आवश्यक सहमति प्रस्तुत करें, ताकि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का शीघ्र, समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

एक नजर | अधिकारियों को दिए यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं 161 आवेदकों की समस्याएं



**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 161 आवेदकों की समस्याएं एवं शिकायतें गंभीरता से सुनीं। उन्होंने प्रत्येक आवेदन का परीक्षण करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का त्वरित,गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में बिसलवास सोनिगरा निवासी मोहनलाल ने नालियों की साफ-सफाई एवं जल निकासी की व्यवस्था कराने, धनेरिया कला की कविता ने मकान निर्माण एवं पट्टा उपलब्ध कराने, चीकली विकासखंड के सत्यनारायण ने कृषि भूमि तक पहुंचने का रास्ता खुलवाने, चीताखेड़ा के रामसिंह बंजारा ने प्रधानमंत्री आवास निर्माण से संबंधित समस्या तथा चम्पी के भागीरथ मकवाना ने मजदूरी की बकाया राशि दिलाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए। वहीं भदाना के बगदीराम ने बंद रास्ता खुलवाने की मांग की।

इसी प्रकार ग्राम बनी की संगीताबाई मेघवाल ने भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई, उम्मैदपुरा के हेमराज ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मजदूरी की राशि का भुगतान, ग्वालदेविया के कालूराम ने बंद हुई वृद्धावस्था पेंशन पुनः प्रारंभ कराने तथा देवरीखवासा के मोहनलाल ने भूमि पर अवैध कब्जा हटाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कर निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।